**12.51 hrs**

**Title: Speaker made reference to the passing away of Sh. Santokh Singh Chaudhary, Member 16th and 17th Lok Sabha, Sh. Basavanagoud Kolur Member 13th Lok Sabha, Sh. Satyanarayan Kaikala Member 11th Lok Sabha and Sh. Sharad Yadav Member 5th, 6th, 9th,10th, 11th, 13th, 15th Lok Sabha.**

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्यगण, अत्यंत दु:ख के साथ, मैं सभा को हमारे साथी श्री संतोख सिंह चौधरी और हमारे तीन पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना चाहता हूं।

श्री संतोख सिंह चौधरी पंजाब के जालंधर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से वर्तमान लोक सभा के सदस्य थे। वे 16वीं लोक सभा के भी सदस्य रहे।

श्री चौधरी अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति, सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी समिति तथा शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी समिति के सदस्य भी रहे थे।

इससे पहले श्री चौधरी दो कार्यकालों के लिए पंजाब विधान सभा के सदस्य तथा पंजाब सरकार में मंत्री भी रहे।

श्री संतोख सिंह चौधरी का निधन 76 वर्ष की आयु में 14 जनवरी, 2023 को जालंधर में हुआ।

श्री बसवनगौड़ कोलूर कर्नाटक के बेल्लारी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 13वीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री कोलूर विदेशी मामलों संबंधी समिति के सदस्य रहे थे।

श्री बसवनगौड़ कोलूर का निधन 88 वर्ष की आयु में 25 नवम्बर, 2022 को बेल्लारी, कर्नाटक में हुआ।

श्री सत्यनारायण कैकला आंध्र प्रदेश के मछलीपटनम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 11वीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री सत्यनारायण कैकला का निधन 87 वर्ष की आयु में 23 दिसम्बर, 2022 को हैदराबाद में हुआ।

श्री शरद यादव मध्य प्रदेश के जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पांचवीं और छठी लोक सभा, उत्तर प्रदश के बदायूं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नौवीं लोक सभा और बिहार के मधेपुरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 10वीं, 11वीं, 13वीं और 15वीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री यादव चार कार्यकालों के लिए राज्य सभा के सदस्य भी रहे।

श्री शरद यादव ने वित्त संबंधी समिति, शहरी विकास और उद्योग संबंधी समितियों के सभापति के रूप में कार्य किया। वे विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे।

उन्होंने केंद्र सरकार में वस्त्र और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, नागर विमानन, श्रम, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालयों में केंद्रीय केबिनेट मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

श्री शरद यादव का निधन 75 वर्ष की आयु में 12 जनवरी, 2023 को गुरूग्राम में हुआ।

यह सभा श्री संतोख सिंह चौधरी तथा हमारे पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

ओम् शांति शांति शांति।

**<u>12.52 hrs</u>**

*The Members then stood in silence for a short while.*

__________

**<u>12.54 hrs</u>**